# भूमाफिया मनोज नागर पर चलाई गोलियां

## तीन गोलियां लगीं, बॉम्बे अस्पताल में इलाज जारी

**इंदौर. बुधवार देर शाम सनसिटी कॉलोनी के गेट के पास बाइक सवार बदमाशों ने भूमाफिया और बिल्डर मनोज नागर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की. पेट और हाथ में तीन गोलियों से घायल मनोज को तुरंत बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है.**





मनोज नागर किसी परिचित से मिलने के लिए कॉलोनी पहुंचे थे. तभी बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया. जैसे ही मनोज कार से उतरे, बदमाशों ने उनकी आंख में मिर्ची फेंकी और फिर फायरिंग शुरू कर दी. मनोज सन सिटी सोसाइटी की तरफ भागा, लेकिन पीछा करने वाले बदमाशों ने दो और गोलियां दाग दीं. घटना के समय उसका साथी राम भी साथ था. घटना की जानकारी मिलते ही लसूडिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है. मामले में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी का कहना है कि हमलावरों की पहचान के प्रयास के साथ ही सभी पहलुओं से जांच की जा रही है. पुलिस यह भी देख रही है कि घटना में किसी पुराने विवाद या मनोज से जुड़े अन्य अपराधियों की भूमिका है या नहीं. पुलिस पूरे घटनाक्रम की तहकीकात कर रही है और मनोज से जुड़े अन्य संदिग्धों की भी जांच की जा रही है.

### मनोज का अपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस सूत्रों का कहना है कि मनोज नागर पर खजराना और न्याय नगर इलाके में कई पांच संज्ञेय अपराध दर्ज हैं. पहले वह चार बार जेल जा चुका हैं और वर्तमान में भी उनके खिलाफ फर्जी कॉलोनियों और अवैध प्लॉटिंग को लेकर शिकायतें लंबित हैं. उनके नाम का संबंध बब्बू छब्बू सहित कई हिस्ट्री शीटरों और अपराधियों से भी बताया जा रहा है.

# प्रभारी मंत्री ने किए माता के दर्शन

**मैहर,24 सितम्बर. मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने बुधवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की. प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की.**

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने मंदिर परिसर में चल रहे नवरात्रि मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए किए गए सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया.

इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने मैहर मंदिर




परिसर में बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर प्रसाद विक्रेता एवं दुकान संचालकों से जीएसटी की दर कम होने से ग्राहकों और व्यापारियों को होने वाले लाभ के संबंध में चर्चा की. प्रभारी मंत्री ने लोकल फार वोकल और स्वदेशी वस्तुओ की खरीदी के प्रोत्साहन का संदेश देते हुए दुकान से सामग्री खरीदी और स्वयं भुगतान किया.

# अस्पष्ट जवाब पेश करने पर सरकार पर लगेगा 10 हजार रु. का जुर्माना

**02 सप्ताह में स्पष्ट हलफनामा पेश करने के निर्देश**

**जबलपुर, 24 सितम्बर. मप्र हाईकोर्ट ने आरक्षण से जुड़े एक मामले में अस्पष्टजवाब पेश करने पर सरकार पर 10 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई. यह राशि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के खाते में जमा कराने कहा गया है.**

ऐसा नहीं होने पर सरकार का अतिरिक्त जवाब स्वीकार नहीं किया जाएगा. जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने सरकार को दो सप्ताह के भीतर स्पष्ट हलफनामा पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित की है. यह मामला दमोह निवासी सुरेन्द्र यादव की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह व पुष्पेन्द्र शाह ने पक्ष रखा. भर्ती परीक्षा 2020 में आरक्षण कानून के विरुद्ध नियुक्तियां जारी करने को चुनौती दी गई है. दलील दी गई कि कम्युनल आरक्षण लागू करने से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के विधिक अधिकार उल्लंघन हुआ है. आवेदक ने बताया कि कुल 166 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए बिना ही ओबीसीए एससी व एसटी वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यर्थियों का उनके लिए आरक्षित पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किया है.

# कलेक्टर चंद्रा ने स्कूल में विद्यार्थियों की ली क्लास

- विद्यार्थियों से गणित के सवाल हल करवाए
- विद्यार्थियों के गणित अध्यापन का लिया जायजा

**नीमच, 24 सितम्बर. जिला प्रशासन द्वारा जिले के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, बोर्ड परीक्षाओं में सुधार तथा विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य की गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है.**

इसी क्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा समय-समय पर शालाओं का निरीक्षण कर शिक्षकों व विद्यार्थियों को पढ़ाई के बारे में टिप्स दिए जा रहे है.



इसी क्रम में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को मनासा क्षेत्र के भ्रमण दौरान महागढ़ के शा.उ.मा.विद्यालय का निरीक्षण किया और 10वीं कक्षा में विद्यार्थियों के बीच बैंच पर बैठकर, अतिथि गणित शिक्षिका साक्षी शर्मा द्वारा करवाए जार रहे गणित के अध्यापन कार्य का जायजा लिया. कलेक्टर ने विद्यार्थियों से गणित के सवाल पूछकर बोर्ड पर विद्यार्थी श्वेता, मिताली पटवा, सार्थक पाटीदार से सवाल हल भी करवाएं.

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा, कि गणित रटने का विषय नहीं है, बल्कि सवालों को अच्छे से समझकर हल करने का विषय है. विद्यार्थी गणित के सवालों के बारे में शिक्षक से अपनी समस्याओं, जिज्ञासाओं के बारे में पूछे, उनका समाधान करवाए. विद्यार्थी अपने बीच कलेक्टर को पाकर काफी खुश नजर आ रहे थे. कलेक्टर ने अतिथि गणित शिक्षिका साक्षी शर्मा द्वारा गणित के अध्यापन कार्य की सराहना भी की. इस मौके पर एसडीएम किरण आंजना, तहसीलदार मुकेश निगम, डीपीसी दिलीप व्यास व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे.



# देवास में किसान कांग्रेस की भव्य ट्रैक्टर रैली रोकी

**देवास.24 सितम्बर. किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज किसान कांग्रेस ने भव्य ट्रैक्टर रैली निकाली. रैली का शुभारंभ स्थानीय भोपाल बायपास से हुआ, जहां रैली का स्वरूप देखते ही बन रहा था कि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए हैं.**

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा रैली को रोकने पर कड़ा विरोध जताया. उन्होंने कहा, भारी संख्या में ट्रैक्टरों को रोका गया, लेकिन जब जब किसान सड़क पर उतरे हैं, प्रशासन हमेशा रोकता और डराता है. हम किसानो के लिए जेल जाने को भी तैयार हैं, चाहे हमें गोलियों से भून दिया जाए. आज पूरे प्रदेश में किसान परेशान हैं और हमारी आवाज़ दबाई नहीं जा सकती. हालांकि, एसडीएम आनंद मालवीय ने बताया कि रैली के

### जिलाध्यक्ष बोले- चाहे हमें गोलियों से भून दिया जाए, हम रुकने वाले नहीं

लिए कोई अनुमति नहीं दी गई थी. उन्होंने कहा, नवरात्र के पर्व के दौरान रैली शहर में जाने पर दुर्घटना और ट्रैफिक बाधा का खतरा था, इसलिए बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों को शहर में प्रवेश नहीं दिया गया. केवल 5 ट्रैक्टरों को शहर में प्रवेश की अनुमति दी गई, बाकी को बाहर डायवर्ट किया गया.

सीएसपी सुमित अग्रवाल ने भी कहा कि नवरात्र के पर्व के दौरान शहर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद हैं, इसलिए प्रशासन ने बातचीत कर केवल 5 ट्रैक्टरों को शहर में प्रवेश दिया और बाकी को लौटाया. इस बीच, ट्रैक्टर रैली रोकने के बाद भी किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी स्पष्ट नजर आई.

### एक नजर में

#### 3 पिस्टल के साथ यूपी का युवक गिरफ्तार

**खरगोन.** जिले में पिछले एक सप्ताह में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस ने लगातार तीसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के युवक को 3 पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है. चार दिन में की गई तीन कार्रवाई से पुलिस ने 28 अवैध हथियार जब्त किए है. चौकी हेलापड़ावा थाना चैनपुर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम चिरिया के आगे आमडी फाटे पर घेराबंदी की गई. यहां बस के इंतजार में खड़े संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. युवक ने अपना नाम शिवम पिता सुनिल कुमार अवस्थी निवासी जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश का होना बताया.

#### 140 ग्राम एमडी ड्रग्स के सात दो आरोपी गिरफ्तार

**बड़ौद.** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र बोयट एवं अनुविभागीय अधिकारी मोतीलाल कुशवाह के मार्गदर्शन थाना प्रभारी कृष्णकांत तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया गया. मंगलवार को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नगर परिषद बड़ौद के सामने पुलिया के पास एक युवक अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है. सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर बताए गए हुलिए के युवक को पकड़ा.



# कार के सामने लेटा प्रेमी जोड़ा

**ग्वालियर. जिले में बुधवार को एसपी ऑफिस के बाहर और परिसर में जमकर हंगामा हुआ.**

एक प्रेमी जोड़ा अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगने के लिए एसपी कार्यालय पहुंचा, इस दौरान पीछे-पीछे दोनों के परिवार भी वहां पहुंच गए. इससे दोनों परिवारों में विवाद हो गया. एसपी कार्यालय के बाहर प्रेमी युवक कार के सामने सड़क पर लेट गया, इस दौरान उसकी प्रेमिका भी वहां पहुंच गई.

बाद में जैसे-तैसे दोनों को सड़क से हटाया गया. इधर, एसपी ऑफिस पहुंचे प्रेमी और प्रेमिका के परिजन भी आपस में भिड़ गए.

# जिले में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**अनूपपुर, 24 सितम्बर .अनूपपुर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पूर्व जिला महामंत्री उमेश राय ने बताया कि राहुल गांधी के द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर पूरे देश में जागृति अभियान चलाया जा रहा हैं.**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मुद्दे पर 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है. इसके द्वारा 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र कर चुनाव आयोग एवं भारत के राष्ट्रपति को जनता के सशक्त जनादेश के रूप में सौंपा जायेगा. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार समस्त जिलों में जिला अध्यक्ष,पार्टी के समस्त प्रदेश,जिला,ब्लाक एवं मंडलम स्तरीय पदाधिकारी,जन



प्रतिनिधि संबंधित क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक नेताओं, प्रभावशाली व्यक्तियों एवं आमजनता की सहभागिता से इस हस्ताक्षर अभियान को प्रभावशाली तरीके से पूर्ण सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे.क्योंकि यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है,यह संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है.अत: कार्यक्रम को योजनावद्ध तरीके से रणनीति बनाकर स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया, प्रेस कान्फ्रेंस एवं बेनर पोस्टर के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के साथ समस्त जिलों में मण्डलम स्तर तक एक साथ संपन्न करना है.

> हर जिले से कम से कम एक लाख हस्ताक्षर कराने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए जिला स्तर पर एक टीम बनाकर डे टू डे की मॉनिटरिंग कराना भी सुनिश्चित करेंगे .इसलिए कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया गया है कि आप वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को व्यापक तरीके से सभी की सहभागिता द्वारा सफल बनायें एवं हस्ताक्षर की सूची व्यवस्थित फार्मेट में तथा मीडिया कवरेज, फोटोग्राफ एवं वीडियो सहित तय समय सीमा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करे.

# किसानों की लड़ाई लड़ते रहेंगे : कांग्रेस



**बालाघाट,24 सितम्बर. जिले के कटंगी क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी द्वारा मुख्य मंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत किसानों को धान प्रोत्साहन राशि वितरण करने आ रहे है.**

मै प्रदेश के मुखिया से पूछना चाहती हूं कि ये कैसी उन्नति है जिसमें आपने अपने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में वादा किया था.

> 1. धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल दिया जाएगा.
> 2. गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 प्रति क्विंटल दिया जाएगा.
> 3. किसानों को बोनस के रूप में 800 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाएगा.
> 4. लाडली बहनों को 3000 रुपए प्रति माह दिया जाएगा.
>
> ये सभी वादों को आज वर्तमान तक आपकी सरकार ने पूरा नहीं किया है. किसानों की इन्हीं मांगो को ले कर माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए जिले के सभी कांग्रेस विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारीगण, कार्यकताओं के साथ कटंगी जा रहे थे हमें रास्ते में जाम नाला कटंगी में पुलिस अधिकारियों के द्वारा रोक दिया गया. कॉग्रेस के चारो विधायकों का कहना है कि वे किसानों की लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे.

# प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की भावना को बढ़ाया

## भाजपा ने साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों संग मनाया जीएसटी बचत उत्सव

**सौंसर 24 सितम्बर - शहर के मुख्य बाजार में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जीएसटी बचत उत्सव बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया. सांसद विवेक बंटी साहू एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से भेंटकर गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं का संदेश दिया.**

सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि और दीपावली जैसे पावन अवसर पर देशवासियों को ऐतिहासिक उपहार देते हुए जीएसटी दरों में कटौती की है. यह निर्णय केवल टैक्स में राहत भर




नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है.

इससे व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा और उपभोक्ताओं के घरेलू बजट को सहारा मिलेगा. जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं तो न केवल अपने किसानों और व्यापारियों को मजबूती देते हैं, बल्कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाते हैं. वोकल फॉर लोकल का यह अभियान हर नागरिक को स्वदेशी अपनाने का अवसर देता है. आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हर घर, हर बाजार और हर नागरिक इस संकल्प में सहभागी बने.

कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोष जैन, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्णा वाकोडे, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, युवा नेता राहुल मोहोड, मंत्री अशोक मानापूरे, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, मंडल महामंत्री नरेन्द्र कुकड़े,नामदेव पाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, मोरेश्वर मर्सकोले, नामदेव इवनाती सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे.

**जायजा** पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे डीआईजी, सभी शाखाओं का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

# रजिस्टर और डाटा का गहन परीक्षण कर ली जानकारी

**छिंदवाड़ा,24 सितम्बर. छिंदवाड़ा रेंज के डीआईजी राकेश कुमार सिंह द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया. यह निरीक्षण प्रातः 11 30 बजे से दोहपर 4 बजे तक चला.**

वार्षिक निरीक्षण के दौरान डीआईजी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं का क्रमवार निरीक्षण किया गया, जिनमें अपराध शाखा,स्थापना शाखा, लेखा शाखा, लोक अभियोजन शाखा, महिला एवं बाल सुरक्षा प्रकोष्ठ, रिकॉर्ड शाखा, आदि शामिल है. श्री सिंह ने प्रत्येक शाखा के



अभिलेख, रजिस्टर एवं डाटा का गहन परीक्षण किया तथा कार्यप्रणाली की जानकारी ली. शाखाओं में अभिलेखों के संधारण, समयसीमा पालन, लंबित प्रकरणों की स्थिति, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति एवं विभागीय अनुशासनात्मक प्रकरणों की समीक्षा की. श्री सिंह ने प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक निर्देश कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता लाने पर बल दिया गया. अभिलेखों के संधारण को और सुव्यवस्थित करने हेतु आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए. थानों एवं शाखाओं में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया. आमजन से व्यवहार में संवेदनशीलता अपनाने तथा जनविश्वास कायम करने के लिए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया.

### पूरी निष्ठा और पारदर्शिता से करें काम

निरीक्षण के दौरान डीआईजी सिंह ने यह भी कहा कि पुलिस विभाग आमजन की सुरक्षा एवं सेवा के लिए है. अत- प्रत्येक पुलिसकर्मी का यह दायित्व है कि वह पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा करे. अंत में वार्षिक निरीक्षण की कार्यवाही का समापन करते हुए सिंह ने छिंदवाड़ा पुलिस की कार्यशैली की सराहना की एवं भविष्य में और अधिक सुदृढ़, अनुशासित एवं जनसहयोग आधारित पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# अतिक्रमण हटाने के नोटिस से भड़के दुकानदार

**भानपुरा. नगर परिषद भानपुरा द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र स्थित शताब्दी मार्केट एवं राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की करीब 70 दुकानों के सामने बने टीन शेड और अस्थायी अतिक्रमण हटाने का नोटिस मिलने पर मंगलवार को दुकानदार आक्रोशित हो उठे. नोटिस में 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी.**

इसके विरोध में दुकानदार लामबंद होकर पहले कोर्ट के सामने धरने पर बैठ गए और बाद में विधायक कार्यालय के सामने करीब एक घंटे तक चक्काजाम कर दिया. इस दौरान नगर परिषद मुर्दाबाद के नारे भी लगे.

सूचना मिलते ही तहसीलदार विनोद शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. यहां अधिकारियों और दुकानदारों के बीच लंबी बहस हुई. अंततः तहसीलदार ने दुकानदारों की बात सुनकर फिलहाल कोई कार्रवाई न करने का भरोसा दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ.

### बुरहानपुर के पूर्व विधायक के निमाड़ वैली स्कूल को अतिक्रमण हटाने का नोटिस

**बुरहानपुर.** बुरहानपुर के गणपति नाका के पास स्थित निमाड़ वैली स्कूल को लेकर नया विवाद खड़ा हुआ है. आरोप है कि स्कूल वक्फ बोर्ड के ऐमागिर्द कब्रिस्तान की जमीन पर बनाया गया है. वक्फ बोर्ड और भाजपा नेता अजहर उल हक ने कलेक्टर को कार्रवाई के लिए पत्र सौंपा है. मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के सीईओ ने बुरहानपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर कब्रिस्तान की जमीन पर बने स्कूल के अतिक्रमण को हटाने की मांग की है. बुरहानपुर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शेख फारूक और भाजपा नेता अजहर उल हक ने यह पत्र कलेक्टर को सौंपा. स्कूल संचालक नूर काजी ने कहा कि मामला ट्रिब्यूनल कोर्ट भोपाल में विचाराधीन है. उन्होंने बताया कि 2017 में वक्फ बोर्ड द्वारा जारी बेदखली आदेश के खिलाफ उन्होंने अपील की थी.